Amarujala Date 27.05.2023

दिल्ली पुलिस पहली बार इंटरएक्टिव वीडियो से जागरूक करेगी

साइबर बुलिंग व अश्लीलता के मामले में देश में पहली बार हाईकोर्ट की पहल पर दिल्ली पुलिस ने उठाया कदम, देश भर में चलाया जाएगा जागरुकता कार्यक्रम

पुरुषोत्तम वर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस साइबर बुलिंग, फोटो के साथ छेड़छाड़ व अश्लीलता, धमकी भरे मेल और व्यक्तिगत सूचनाएं लीक होने के मामले में इंटरएक्टिव वीडियो के माध्यम से जागरूक करेंगी। इसके जरिए बच्चों को उनकी सोच के अनुरूप जागरूक किया जाएगा। ये भी बताया जाएगा कि बच्चों को क्या, कब और कैसे करना है।

दिल्ली हाईकोर्ट की पहल पर दिल्ली पुलिस ने ये कदम उठाया है। खास बात ये है कि पूरे देश में इंटरएक्टिव वीडियो पहली बार बनाई गई है। पुलिस का कहना है कि इन वीडियो के जरिए दिल्ली के बाद पूरे देश में जागरूकता लाने का प्रयास किया जाएगा।

स्पेशल सेल की आईएफएसओ पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि दिल्ली समेत देश में बच्चों समेत अन्य लोग साइबर बुलिंग, फोटो आदि से छेड़छाड़, धमकी भरे मेल, व्यक्तिगत सूचनाएं सोशल मीडिया पर लीक होने व अनजान व्यक्ति से बात करने के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में लोगों को जागरूक करने के लिए इंटरएक्टिव वीडियो का सहारा लिया गया है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इन वीडियो से बच्चों को उनकी सोच के अनुरूप जागरूक किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि अभी चार वीडियो बनाई गई हैं। इनमें से दिल्ली हाईकोर्ट में साइबर बुलिंग और ऑनलाइन लुटेरा(ऑनलाइन प्रिडेटर) पर बनी दो वीडियो जारी की गई हैं। दो वीडियो और बना ली गई है और इन्हें जल्द ही जारी किया जाएगा। उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट की पहल पर आईएफएसओ ने देश में पहली बार इस तरह की इंटरएक्टिव वीडियो बनाई है।



उच्च न्यायालय के आदेश पर दिल्ली पुलिस द्वारा बनाई वीडियो।

बाल उत्पीड़न की शिकायतें

मद	2021	2022 (26 मई तक)
पोर्नोग्राफी	5	14
भद्दी टिप्पणी	2	6
प्रताड़ना	2	3

दर्ज एफआईआर

एनसीमैक	13	3
पोक्सो	3	0
अन्य	3	5
गिरफ्तार-बाउनडाउन	16	15

हाईकोर्ट ने जाहिर की थी चिंता

स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस आयुक्त से कहा था कि वह साइबर अपराध को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाना चाहते हैं। इस पर दिल्ली पुलिस आयुक्त ने आईएफएसओ को निर्देशित किया। आईएफएसओ ने इंटरएक्टिव वीडियो बनाई हैं। हाईकोर्ट ने इसके लिए दिल्ली पुलिस की सराहना की है।

सोच के अनुरूप ही जागरुक किया जाएगा

साइबर बुलिंग पर बनी फिल्म में बताया गया कि एक बच्चा ने अपनी जानकार लड़की की फोटो खींची है। फोटो मजाक-मजाक में खींची जाती है। इसके बाद बच्चा उस फोटो के साथ छेड़छाड़ कर उसे फनी बना देता है और एक व्हाट्सएप पर डाल देता है। इसके बाद ग्रुप के सदस्य उस लड़की की मजाक(बुलिंग) उड़ाना शुरू कर देते हैं। इससे लड़की परेशान हो जाती है। इस वीडियो में तीन सवाल पूछे जाते है कि बच्चा वीडियो को फनी बनाएगा, अब बच्चा क्या करेगा और लड़की को बताएगा कि उसकी वीडियो का फनी बनाएगा। वीडियो में जिनी नाम से साइबर कॉप आएगा और वह जागरूक करेगा।